

रोहित अंडर-19 टीम से अपने अनुभव साझा करते दिखे

उल्लेखनीय है कि विराट कोहली और रविंद्र जडेजा फिलहाल नेशनल क्रिकेट अकादमी में चोट से उबरने के लिए मेहनत कर रहे हैं। बीसीसीआई ने कुछ तस्वीरें जारी की थीं, जिसमें रोहित अंडर–19 टीम से अपने अनुभव साझा करते दिखे थे।

## रोहित की गैरमौजूदगी में केएल राहुल बनेंगे उपकप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केएल राहुल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए उपकप्तान की कमान संभालेंगे। रोहित शर्मा पहली बार पूर्ण रूप से टेस्ट में उपकप्तानी करते, लेकिन हैमस्ट्रिंग की चोट ने उन्हें सीरीज से बाहर कर दिया। उनकी गैरमौजूदगी में केएल राहुल कप्तान विराट कोहली के साथ मोर्चा संभालेंगे। बीसीसीआई ने इसकी पुष्टि की है। बोर्ड के अनुसार, रोहित के नहीं होने से केएल राहुल उपकप्तान होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को पुष्टि की थी कि रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। बता दें कि टीम साउथ अफ्रीका पहुंच चुकी है और शनिवार को प्रैक्टिस करते भी दिखी। बीसीसीआई की ओर से बताया गया था, टीम इंडिया के टेस्ट उपकप्तान रोहित शर्मा को मुंबई में अपने प्रशिक्षण सत्र के दौरान बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी 3 मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया है। बता दें कि केएल राहुल रोहित शर्मा के ओपनिंग पार्टनर भी हैं।

# तीसरे ही दिन टूट गया मेहमान इंग्लैंड का हौसला

### इंग्लैंड की पहली पारी, कप्तान जो रूट व डेविड मलान के अर्धशतक

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली प्रतिष्ठित एशेज टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला एडिलेड में खेला जा रहा है। इस डे–नाइट डेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 236 रन पर आल आउट हो गई और मेजबान आस्ट्रेलिया को पहली पारी में 237 रन की अहम बढ़त मिली। पहली पारी में इंग्लिश गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और मिचेल स्टार्क ने सबसे ज्यादा 4 विकेट चटकाए। वहीं दूसरी पारी में खेल के तीसरे दिन तक कंगारू टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 45 रन बना लिए हैं और अब इस टीम की कुल बढ़त 282 रन की हो गई है। आस्ट्रेलिया की तरफ से मार्कस हैरिस 21 रन और माइकल नेशर 2 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं।



**आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी, वार्नर हुए आउटः** दूसरी पारी में कंगारू टीम ने अपना पहले विकेट डेविड वार्नर के रूप में गंवा दिया और वो 13 रन बनाकर रन आउट हो गए। इंग्लैंड के ओपनर बल्लेबाज पहली पारी में फेल रहे और हसीब हमीद 6 रन जबकि रोरी बर्न्स 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मलान ने 80 रन की पारी खेलकर टीम को संभालने का काम किया, लेकिन वो स्टार्क की गेंद पर स्मिथ के हाथों लपके गए। कप्तान जो रूट ने भी 62 रन की पारी खेली, लेकिन अपनी इस पारी को और आगे तक नहीं ले जा सके। उन्हें कैमरन ग्रीन ने स्मिथ के हाथों कैच आउट करवा दिया। बेन स्टोक्स भी 34 रन बनाकर ग्रीन की गेंद पर बोल्ड हो गए। क्रिस वोक्स ने 24 रन का योगदान दिया, लेकिन लियोन ने उन्हें भी बोल्ड कर दिया। पहली पारी में आस्ट्रेलिया की तरफ से स्टार्क ने चार, नाथन लियोन ने तीन, कैमरन ग्रीन ने दो जबकि मिचेल निशेर ने एक सफलता हासिल की। दूसरी पारी में मेहमान टीम 236 रन पर आलआउट हो गई थी।

**आस्ट्रेलिया की पहली पारी, लाबूशाने का शानदार शतकः** इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में आस्ट्रेलिया की टीम ने 9 विकेट पर 473 रन बनाए और पारी की घोषणा कर दी। कंगारू टीम को इस मजबूत स्थिति तक पहुंचाने में टीम के स्टार ओपनर बल्लेबाज डेविड वार्नर, लाबुशाने व कप्तान स्टीव स्मिथ की बड़ी भूमिका रही। वार्नर ने 95 रन जबकि लाबूशाने ने डे–नाइट टेस्ट मैच में अपना तीसरा शतक लगाते हुए 103 रन की पारी खेली। वहीं कप्तान स्मिथ भी शतक से चूक गए और उन्होंने 93 रन की पारी खेली। इसके बाद विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने भी 51 रन का अहम योगदान दिया जबकि निचले क्रम के बल्लेबाज मिचेल स्टार्क व निशेर ने भी नाबाद 39 व 35 रन की पारी खेली।

## गौतम गंभीर की आईपीएल में वापसी, लखनऊ को करेंगे मेंटॉर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को शनिवार को नई लखनऊ फ्रेंचाइजी का मेंटर नियुक्त किया गया। आईपीएल 2022 में वह टीम को मेंटॅर करते दिखेंगे। कोलकाता को 2 बार खिताब जितवाने वाले कप्तान के टीम से जुड़ने से फायदा होगा। बता दें कि लखनऊ और अहमदाबाद फ्रेंचाइजी आईपीएल 2022 से पहले शामिल हुई हैं, जिससे टीमों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। हालांकि, इस टीम का अभी तक नाम तय नहीं किया गया है।



टीम से जुड़ने के बाद गौतम गंभीर ने अपने बयान में कहा– डॉ गोयनका और आरपीएसजी ग्रुप को यह शानदार अवसर देने के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद। टूर्नामेंट जीतने की आग अभी भी मेरे अंदर जलती है। एक विजेता के रूप में विरासत छोड़ने की इच्छा अभी भी चौबीसों घंटे प्रोत्साहित करती है। मैं ड्रेसिंग रूम के लिए नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की टीम के लिए लड़ूंगा। दूसरी ओर, फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका ने गंभीर का आरपीएसजी परिवार में स्वागत किया। उन्होंने कहा– गौतम का एक शानदार रिकॉर्ड है। मैं उनके क्रिकेट अनुभवों का सम्मान करता हूं और उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। बता दें कि 2018 से नहीं खेलने के बावजूद गंभीर अभी भी टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल हैं। उन्होंने आईपीएल करियर में 154 मैचों में 31.01 के शानदार औसत से 4218 रन बनाए हैं। इसमें 36 अर्धशतक शामिल हैं। इससे पहले जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एंडी फ्लावर को लखनऊ फ्रेंचाइजी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। फ्लावर पिछले दो सत्र से पंजाब किंग्स के सहायक कोच के रूप में कार्य कर रहे थे। पिछले दो सत्र से पंजाब के कप्तान रहे केएल राहुल के भी संजीव गोयनका के स्वामित्व वाली लखनऊ फ्रेंचाइजी से जुड़ने की संभावना है।

## भाभी..भाभी.. सानिया मिर्जा को देखते ही लाहौर में नारे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। भारत की बेटी सानिया मिर्जा पाकिस्तान की बहू हैं। इस टेनिस स्टार ने क्रिकेटर शोएब मलिक से निकाह किया था, जिसके बाद भारत के साथ–साथ पाकिस्तान में भी उनकी फैन फॉलोइंग बन गई। खेल के बाद फुर्सत के पलों में वह अपने परिवार के साथ समय गुजारना नहीं भूलतीं।इसी सिलसिले में बीते दिनों वह एक ब्रांड का प्रचार करने लाहौर पहुंचीं, जहां उनकी मोहब्बत में पूरा हॉल भाभी–भाभी के नारों से गूंज उठा। सानिया मिर्जा ने इस दौरान लाहौर के लिए कही जाने वाली एक मशहूर लाइन भी बोली, 'जिन लाहौर नी वेख्या, ओ जम्या ही नहीं।' मशहूर नाटककार असगर वजाहत की यह मशहूर कृति है। 'जिन लाहौर नहीं वेख्या ओ जनम्याई नईं' का दुनिया के कई बड़े शहरों में मंचन हो चुका है। सानिया मिर्जा और शोएब मलिक ने अपना नया परफ्यूम लॉन्च किया है, इसी को प्रमोट करने के लिए यह जोड़ी पाकिस्तान के हर बड़े शहर जा रही है। कराची के बाद दोनों लाहौर पहुंचे थे। यह वीडियो उसी इवेंट का बताया जा रहा है।

## न्यूज डायरी



### बॉक्सिंग डे टेस्ट में होगी ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस की वापसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एडिलेड। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान पैट कमिंस 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट में टीम का हिस्सा रहेंगे। कोविड संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से वह एडिलेड में इंग्लैंड के खिलाफ हो रहे दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। कमिंस ने मौजूदा टेस्ट की पूर्व संध्या पर न्यू साउथ वेल्स और एडिलेड स्ट्राइकर्स के तेज गेंदबाज हैरी कॉनवे के साथ लिटिल हंटर स्टीकहाउस में भोजन किया था, जिसके बाद वे प्लेइंग इलेवन में हिस्सा नहीं थे। उनकी जगह माइकल नेस2र मौजूदा टेस्ट में खेल रहे हैं। कमिंस का संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद कोविड टेस्ट किया गया था, जिसमें उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा था कि एडिलेड टेस्ट से बाहर होने के बाद कमिंस चार्टर्ड फ्लाइट से सिडनी गए थे। उन्हें दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा एनएसडब्ल्यू में स्वदेश लौटने की अनुमति दी गई थी।

### फिर ट्विंस के पिता बनने वाले हैं क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो फिर से पिता बनने वाले हैं। रोनाल्डो ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर ट्विंस का जेंडर का भी खुलासा किया है। मैनचेस्टर युनाइटेड के इस दिग्गज खिलाड़ी जो वीडियो शेयर किया है उसमें दो ब्लैक गुब्बारें हैं। एक तरफ दो लड़के हैं जबकि दूसरी ओर दो लड़कियां हैं। कैमरे के पीछे से रोनाल्डो की पार्टनर जॉर्जिया रोड्रिगेज की आवाज आती है जो 1, 2, 3 काउंटिंग करती हैं। इसके बाद बच्चे गुब्बारों को फोड़ देते हैं। गुब्बारे में से ब्लू और पिंक दोनों रंग की रंग–बिरंगी शिमर निकली। इसका मतलब उनके ट्विन्स में एक बेटा और एक बेटी है। इससे पहले रोनाल्डो ने सितंबर में जार्जिना की एक सोनोग्राफी की फोटो से साथ तस्वीर शेयर की थी और लिखा था कि यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम जुड़वा बच्चों की उम्मीद कर रहे हैं। हमारे दिल प्यार से भरे हुए हैं – हम आपसे मिलने का इंतजार नहीं कर सकते।

### बेटी जीवा और साक्षी संग एयरपोर्ट पर दिखे एमएस धोनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा है। वह मुंबई एयरपोर्ट पर दिखाई दिए। उनके साथ वाइफ साक्षी और बेटी जीवा भी थीं। रिपोर्ट्स की मानें तो वे जयपुर किसी शादी में हिस्सा लेने के लिए रवाना हुए। वायरल हो रहे वीडियो को देख फैंस क्रेजी हुए जा रहे हैं। कुछ फैंस ने तो कॉमेंट किया– वीडियो देखकर आज का दिन बन गया। महेंद्र सिंह धोनी वीडियो में ब्लैक आउटफिट में कूल नजर आ रहे थे तो साक्षी प्रिंटेड गाउन में ब्यूटिफुल दिख रही हैं, जबकि जीवा हमेशा की तरह क्यूट दिख रही हैं। धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो चुके हैं, लेकिन इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से अभी कई सीजन तक खेलते दिखेंगे। उन्हें टीम ने दूसरी पसंद के तौर पर आईपीएल 2022 के लिए होने वाले मेगा ऑक्शन से पहले रिटेन किया है।

### कुश्ती संघ के अध्यक्ष ने मंच पर खोया आपा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रांची। रांची स्थित मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर–15 नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में लोग उस वक्त हैरान रह गए, जब भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने उत्तर प्रदेश के एक पहलवान को मंच पर थप्पड़ जड़ दिया। इसे लेकर प्रतियोगिता के दौरान हंगामे की स्थिति पैदा हो गई। उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के कई खिलाड़ियों ने इसपर जोरदार विरोध जताया। बाद में झारखंड कुश्ती संघ के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह सहित अन्य लोगों ने बीच–बचाव कर मामले को शांत कराया। इस प्रतियोगिता का समापन हो गया।